दिन–गुरूवार दिनांक– 01 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय का बड़ा फैसला– राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कोटा के भीतर कोटा दे सकेंगी।

02. ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस को पद से हटाया। संदीप पौंड्रिक को विभाग की दी गयी नई जिम्मेदारी।

03. पेरिस ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में स्वप्निल कुसाले ने भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक जीता।

04. और, प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून हुआ सक्रिय। अगले चौबीस घंटों के दौरान नवादा, गया और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि अब राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कोटा के भीतर कोटा प्रदान कर सकती है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने बीस साल पुराने अपने ही एक फैसले को खारिज कर दिया है। वर्ष दो हजार चार में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण का उप–वर्गीकरण भर्तियों और सरकारी नौकरियों में स्वीकार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड ने फैसला सुनाते हुये कहा कि अनुसूचित जनजाति का उप–वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद चौदह का उल्लंघन नहीं है। अनुच्छेद पन्द्रह और सोलह किसी राज्य को एक जाति का उप–वर्गीकरण करने से नहीं रोकते हैं।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस को पद से हटा दिया है। वे बिना पद के रहेंगे। संजीव हंस के खिलाफ ईडी जांच कर रही है। उनपर सामूहिक दुष्कर्म और आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप है। संजीव हंस की जगह भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संदीप पौंड्रिक को ऊर्जा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। श्री पौंड्रिक को ऊर्जा विभाग के साथ–साथ बिजली कम्पनियों के सीएमडी का भी प्रभार दिया गया है।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे लम्बी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परिचालन करेगा। आज लोकसभा में विभागीय अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुये श्री वैष्णव ने कहा कि पहली ट्रेन का परीक्षण चल रहा है।

———बाईट———

श्री वैष्णव ने कहा कि कम दूरी के बड़े शहरों में रीजनल ट्रेन के परिचालन के लिए वंदे मेट्रो डिजाईन की गयी है। इस ट्रेन का जल्द ही लोकार्पण होगा।

———बाईट———

————————————————————————————

पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने आज लोकसभा में वरिष्ठ नागरिकों और पत्रकारों को रेल किराये में मिलने वाली रियायत को फिर से लागू करने की मांग की। इसके अलावा श्री यादव ने ट्रेन में महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग—अलग शौचालय की व्यवस्था करने की भी मांग की।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में जल्द ही सिपाही के बीस हजार और सब इंस्पेक्टर के दो हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक रंजीत कुमार मिश्रा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक के एक हजार दो सौ पचहत्तर पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एक लाख सत्तासी हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग आज से शुरू हो गयी है। काउंसलिंग की प्रक्रिया छह अगस्त तक चलेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि जिला मुख्यालय में काउंसलिंग के लिए सॉफ्टवेयर के माध्यम से अभ्यर्थियों के लिए स्लॉट बुक किया जा रहा है। शिक्षकों की पहचान उनके आधार कार्ड, थम्ब इम्प्रेशन और फोटो से की जा रही है। काउंसलिंग के लिए सफल अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से तीस मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य है।

————————————————————————————

बिहार नगरपालिका संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस को लेकर सरकार और मुख्य पार्षद महासंघ के बीच टकराव तेज हो गया है। आज पटना में नगर विकास

विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम का मुख्य पार्षद महासंघ ने बहिष्कार किया। पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू को मंच पर बैठने के लिए आमंत्रित किया गया लेकिन वे दर्शक दीर्घा में बैठी रहीं। उद्घाटन सत्र के बाद सभी मुख्य पार्षद कार्यक्रम से निकल गये। गौरतलब है कि मुख्य पार्षद महासंघ ने विधेयक के द्वारा नगर निकायों की स्वायत्ता समाप्त करने का आरोप लगाया है।

———————————————————————

ठोस कचरा प्रबंधन के मॉडल पर विचार—विमर्श के लिए आज पटना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जापान और नीदरलैंड की कम्पनियों समेत आठ राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुये। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार बिहार को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि सरकार कचरा प्रबंधन को उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————

भारत ने पेरिस ओलंपिक में तीसरे पदक पर कब्जा जमाया है। आज खेलों के छठे दिन निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पचास मीटर रायफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वप्निल कुसाले को कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। बक्सर में सबसे अधिक एक सौ नब्बे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। नालंदा जिले के करायपरसुराय में एक सौ सोलह दशमलव चार और किशनगंज के हायाघाट में एक सौ दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। कई अन्य स्थानों पर सौ मिलीमीटर से लेकर पचास मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा। अगले चौबीस घंटों के दौरान नवादा, गया और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

इधर, प्रदेश में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गयी। गया जिले के बेलागंज के पनारी गाँव में पांच लोगों की मौत हुई है। जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं, पटना के फतुहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उसफा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से खेत में काम कर रही दो महिलाओं की मौत हो गयी।

———————————————————————

रोहतास के कैमूर पहाड़ी इलाके में अमझोर स्थित कशिश जलप्रपात में बारिश के बाद अचानक जलस्तर बढ़ गया। इससे जलप्रपात में तीस से अधिक सैलानी फंस गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

———————————————————————

राजस्थान के जयपुर के विद्याधरनगर में भारी बारिश के कारण एक घर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मृतक भोजपुर जिले के रहने वाले थे। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि मृतकों में पिता और उसके दो पुत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों से सम्पर्क कर लिया गया है और प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सौंदर्यीकरण किया जायेगा। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

———————————————————————

पटना के बुद्धाकॉलोनी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक कोल्ड ड्रिंक एजेंसी में घुसकर चालीस हजार रूपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि दो की संख्या में आये अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत निरालानगर से पुलिस ने लूट–पाट की योजना बना रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

बेतिया की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के एक मामले में दोषी बृज चौधरी को पांच साल कठोर कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

जहानाबाद जिला आज अपना अड़तीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————

खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र के बहोरवा गांव में गंडक नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, अररिया नगर थाना क्षेत्र के खरैया बस्ती में परमान नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. सर्वोच्च न्यायालय का बड़ा फैसला– राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कोटा के भीतर कोटा दे सकेंगी।

02. ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस को पद से हटाया। संदीप पौंड्रिक को विभाग की दी गयी नई जिम्मेदारी।

03. पेरिस ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में स्वप्निल कुसाले ने भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक जीता।

04. और, प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून हुआ सक्रिय। अगले चौबीस घंटों के दौरान नवादा, गया और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।